तापमान
अधिकतम 26 .2 डिग्री
न्यूनतम 5 .8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 13 दिसंबर 2025

12 भविष्य में जलभराव की स्थिति पैदा न हो :अजय




12 सर्दी से बचाव के लिए अधिकारियों ने जरुरतमंदों...



## खबर संक्षेप

### कुवि में नो नशा नेशन व हवन कार्यक्रम आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग और डीएवी पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र द्वारा संयुक्त रूप से नो नशा नेशन तथा 100 कुण्डीय हवन कार्यक्रम का आयोजन 13 दिसंबर 2025 को प्रातः 11.30 बजे धरोहर हरियाणा संग्रहालय के सामने स्थित लॉन में किया जाएगा। इस पावन अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करना तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और संस्कारों का प्रसार करना है।

### मौखिक प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता आयोजित

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में बीकॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिये प्रो.अजय पाल सिंह और प्रो.रीना रानी द्वारा मौखिक प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय वस्तु एवं सेवा कर रहा। विद्यार्थियों ने जीएसटी का अर्थ, इतिहास, इनपुट टैक्स क्रेडिट, कंपोजिशन स्कीम और जीएसटी नेटवर्क जैसे विभिन्न विषयों पर अपनी प्रस्तुतियां दी। प्राचार्य डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों में एक्टिवनेस और स्मार्टनेस लाती हैं। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.सुनित शर्मा, कक्षा के मेंटर्स प्रो.अजय पाल सिंह, रीना आदि मौजूद रहे।

### बस इम्पाउंड कर किया 33 हजार का चालान

**जींद।** पटियाला चौक के पास एक परिवहन समिति की बस ने आटो को टक्कर मार दी। किसी ने यह वीडियो वायरल कर दिया और मामला पुलिस महानिदेशक के संज्ञान में पहुंच गया। जिला यातायात पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए समिति की बस को काबू कर इम्पाउंड कर दिया और उस पर 33 हजार रुपये का जुर्माना लगाकर चालान कर दिया। यातायात पुलिस प्रभारी शमशेर सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि 11 बजे पटियाला चौक के पास एक परिवहन समिति की बस ने आटो में टक्कर मार दी। बस चालक ने लापरवाही से बस चलाई और आटो को क्षतिग्रस्त कर दिया। लोगों ने भी इसमें बस चालक की लापरवाही बताई।

## बाल विवाह मुक्त भारत पर बनाए शानदार पोस्टर



### बाल विवाह समाज की कुप्रथा : डॉ. तालस

पानीपत। भारत सरकार के निर्देशानुसार पूरे भारत वर्ष में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज आर्य कॉलेज की महिला प्रकोष्ठ इकाई द्वारा पोस्टर मेकिंग की गतिविधि का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम की संयोजिका कॉलेज की महिला सैल की प्रभारी डॉ.मीनल तालस ने बताया कि इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा बाल विवाह मुक्त विषय पर अलग-अलग तरह के शानदार पोस्टर बनाकर इस अभियान को सफल बनाने में अपना अहम योगदान दिया। डॉ. तालस ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत गत सप्ताह भी विद्यार्थियों द्वारा बाल विवाह न करने की शपथ लेकर इस अभियान को सार्थक बनाने का प्रयास किया था। बाल विवाह हमारे समाज की एक कुप्रथा है जिसको खत्म करना जरूरी है। इस अवसर पर प्राध्यापिका रेखा नैन व खुशबू वर्मा भी मौजूद रही।

## यमुनानगर में साइबर ठगों ने टास्क पूरा करने के नाम पर ठगे 2.65 लाख रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने शहर की कालिंदी कॉलोनी निवासी प्रणीत पाठक से टास्क पूरा करने के नाम पर दो लाख 65 हजार रुपये ठग लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

कालिंदी कॉलोनी निवासी प्रणीत पाठक ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत तीन जून को उसके मोबाइल पर एक लिंक आया। जब उसने लिंक पर क्लिक किया तो वह टेलीग्राम ऐप के एक गुरप से जुड़ गया। जहां पर टास्क के संबंध में बातचीत चल रही थी। इस दौरान गुरप के एडमिन ने उससे बातचीत करनी शुरू कर दी। आरोपी ने उसे कहा कि वह टास्क पूरा कर ऑनलाइन पैसे कमा सकता है। वह आरोपी की बातों में आ गया। आरोपी ने पहले उसे आसान टास्क दिए। जिसे उसने आसानी से पूरा कर लिया। इसके बाद आरोपी ने उसके अकाउंट में टास्क पूरा करने के संबंध में आई राशि को भेज दिया। जिस पर उसे

**पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया**



आरोपी पर विश्वास हो गया। इसके बाद आरोपी ने उसे मुश्किल टास्क देने शुरू कर दिए। इसके बाद आरोपी ने उसे टास्क देने के नाम पर अपने अकाउंट में करीब दो लाख 65 हजार रुपये जमा करवा लिए। इसके बाद आरोपियों ने उसे प्रॉफिट के पैसे नहीं दिए। जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो आरोपी उसे टास्क के संबंध में पैसों की मांग करने लगे। मगर उसने पैसे देने से मना कर दिया। उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नगर निगम करनाल की एन्फोर्समेंट टीम सख्त

## प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टरों पर कार्रवाई, 14.80 लाख वसूले

**नगर निगम की एन्फोर्समेंट टीम ने 6 वाणिज्यिक संपत्तियों पर अटैचमेंट कार्रवाई की**

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि वर्षों से लंबित संपत्ति कर की वसूली के लिए नगर निगम और सख्ती करेगा। निगम ने दिसंबर माह में पांच करोड़ रुपये के संपत्ति कर की वसूली का लक्ष्य रखा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम करनाल की एन्फोर्समेंट टीम ने शुक्रवार को प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 वाणिज्यिक संपत्तियों पर अटैचमेंट की प्रक्रिया शुरू की। टीम के पहुँचते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया और सभी संबंधित संपत्ति मालिकों ने कार्रवाई से बचने के लिए कुल 14,80,480 रुपये का बकाया टैक्स जमा करा दिया। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। सभी डिफाल्टरों को पहले तीन नोटिस तथा बाद में व्यक्तिगत अटैचमेंट नोटिस भी दिए गए थे, परंतु समय पर टैक्स जमा न करने पर यह कार्रवाई करनी पड़ी। कार्रवाई के दौरान उप-निगम आयुक्त अभय सिंह ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहे, जबकि क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर, कर अधीक्षक गगनदीप सिंह, निगम स्टाफ व पुलिस बल मौजूद रहा।



नगर निगम ने मौके और कार्यालय में बकाया प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी की

**आयुक्त ने बताया कि तीन संपत्ति मालिकों ने मौके पर टैक्स जमा किया**

मैसर्स अनमोल एजेंसिस, कलंदरी गेट: 4,91,090 रुपये
एग्रीप्लास्ट टेक इंडिया प्रा. लि., प्लॉट 339 सेक्टर-3: 2,74,744 रुपये
कैरियर कम्प्यूटर्स, प्लॉट 191 सेक्टर-3: 3,42,474 रुपये

**वहीं तीन संपति मालिकों ने निगम कार्यालय में जाकर टैक्स अदा किया**

कार वाशिंग सेंटर, सेक्टर-7: 2,83,000 रुपये
198-सी मॉडल टाउन: 48,926 रुपये
न्यू लाइफ स्टोर, मॉडल टाउन: 40,246 रुपये

## नेशनल लोक अदालत से पहले करनाल में 274 प्री-लिटिगेशन मुकदमों का निपटारा

**ट्रैफिक जागरूकता शिविर भी लगाया**

- एडीआर सेंटर में आयोजित लोक अदालत में 83 .58 लाख रुपये की राशि पर समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में एडीआर सेंटर करनाल में शुक्रवार को प्री-लिटिगेशन मुकदमों के लिए नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि कुल 422 मुकदमे सूचीबद्ध थे, जिनमें से 274 मुकदमों का निपटारा 83,58,802 रुपये की राशि पर हुआ। इस दौरान पैरा लीगल वालंटियर अज्ञा पाल ने नावल्टी चौक पर जागरूकता शिविर लगाया और लोगों को नशे में वाहन न चलाने की हिदायत दी। ट्रैफिक इंस्पेक्टर रोशन लाल व टीम ने चालान ड्राइव चलाते हुए लोगों को 13 दिसंबर को लगने वाली नेशनल लोक अदालत में लंबित चालानों के निपटारे के लिए जागरूक किया।

सीजेएम डॉ. इरम हसन ने मानवाधिकार दिवस के तहत 10 से 12 दिसंबर तक चलाए गए तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि आज जिला सैनिक बोर्ड स्थित कानूनी सलाह केंद्र में पैनल अधिवक्ता नरेश कुमार रंगा और पीएलवी सिंदर ने शिविर लगाया, जिसमें मुफ्त कानूनी सेवाओं की जानकारी दी गई। इसके बाद उन्होंने विडो सेल व बचपन बचाओ अभियान के तहत विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर सुविधाओं की समीक्षा की।

## तीन युवकों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने तीनों आरोपी युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

जिले के फरकपुर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में तीन युवकों द्वारा महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर तीनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जिला अंबाला की 35 वर्षीय महिला ने फरकपुर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी यश के साथ जान पहचान थी। इस दौरान आरोपी यश ने उसे गत एक जनवरी को मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी पर विश्वास करके उससे मिलने के लिए आई तो आरोपी उसे शहर की एक कॉलोनी में लेकर गया। जहां पर पहले से ही शुभम व चिराग मौजूद थे। इस दौरान आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी दिसंबर माह तक उसके साथ गलत काम कर रहे हैं। परेशान होकर उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## कुरुक्षेत्र में गीता कन्या माध्यमिक विद्यालय में बाबू गेनू सैद जी का बलिदान दिवस मनाया



**कुरुक्षेत्र।** बाबू गेनू को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देती छात्राएं।

**कुरुक्षेत्र।** अमीन रोड़ स्थित गीता कन्या माध्यमिक विद्यालय में बाबू गेनू सैद जी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा आठवीं की होमा ने बाबू गेनू जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। होमा ने बताया की बाबू गेनू सैद एक साहसी स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने स्वदेशी आंदोलन का समर्थन करते हुए विदेशी कपड़ों से भरे ट्रक को रोकते समय अपने प्राणों की आहुति दे दी। वे भारत में स्वदेशी के लिए बलिदान देने वाले प्रथम व्यक्ति माने जाते हैं। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा, सदस्य डॉ राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा एवं प्राचार्या सुमन बाला ने बाबू गेनू जी के अदम्य साहस और बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

## विनय जैन ने समालखा मार्किट चेयरमैन और सतबीर शर्मा ने वाइस चेयरमैन की ली शपथ



**पानीपत।** चेयरमैन शपथ ग्रहण समारोह में विधायक मनमोहन भड़ाना का स्वागत करते आयोजक।

**समालखा।** समालखा मार्केट कमेटी चेयरमैन विनय जैन व वाइस चेयरमैन सतबीर शर्मा का आज शपथ ग्रहण समारोह नई अनाज मंडी में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक मनमोहन सिंह भडाना रहे। वहीं कार्यक्रम में पानीपत मेयर कोमल सैनी व बीजेपी के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट भी पहुंचे। जिनका कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं विधायक मनमोहन सिंह भड़ाना की मौजूदगी में अध्यक्ष के लिए विनय जैन व वाइस चेयरमैन के लिए सतवीर शर्मा को शपथ दिलाई गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सीएम सैनी व बीजेपी पार्टी का आभार जताया तथा कहा कि जो जिम्मेदारियां उन्हें सौंपी गई है। विधायक भड़ाना ने कहा कि उन्हें नवनियुक्त चेयरमैन व वाइस चेयरमैन से पूरी उम्मीद है कि जो जिम्मेदारी दी गई है वह उन्हें बखूबी निभाएंगे।

### ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी का विरोध जताया

## एचएसईबी वर्करज यूनियन ने किया प्रदर्शन, जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

एचएसईबी वर्करज यूनियन ने ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी के विरोध में शुक्रवार को बिजली निगम के सेक्टर 8 स्थित मुख्यालय में दो घंटे गेट मीटिंग व धरना प्रदर्शन किया। धरने की अगुवाई यूनिट प्रधान कृष्ण चौहान ने की। प्रदर्शन का संचालन सब यूनिट प्रधान मुकेश गुप्ता ने किया। कर्मचारियों ने मांगों को लेकर दो घंटे तक धरना प्रदर्शन व सरकार व निगम के खिलाफ नारेबाजी की। यूनियन ने सरकार व निगम को चेतावनी दी कि अगर ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी को वापिस नहीं लिया गया तो आंदोलन को तेज कर दिया जाएगा। स्टेट कार्यकारिणी के आह्वान पर हो रहे धरना प्रदर्शन में भाग लेने वाले कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनिट प्रधान कृष्ण चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार व बिजली निगम जानबूझ कर ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी कर्मचारियों पर थोप रहा है, क्योंकि यह पालिसी सरासर कर्मचारी विरोधी है। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मचारियों के लिए यह पालिसी घातक व जानलेवा साबित हो सकती है। बिजली निगम के कर्मचारी जान जोखिम में डालकर काम करते हैं। फील्ड में बिजली लाइनों का जाल बिछा हुआ है। अगर नया कर्मचारी बदलकर आएगा तो उसे काम करना मुश्किल होगा, क्योंकि उसे यहां का ज्ञान नहीं होगा और कभी भी कर्मचारी दुर्घटना का शिकार हो सकता है।



**कुरुक्षेत्र।** नारेबाजी करते एचएसईबी वर्करज यूनियन के सदस्य।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर रविंद्र सैनी, कीर्ति खोसला, अशोक, अजीत कुमार, कृष्ण लाल, अमनदीप, विकास पाल, लवकेश, मोबिन, रमेश कुमार, सुदर्शन, संजय, नरेश कुमार, अमर, इंद्र कुमार, सोनू, सुच्चा सिंह, राजीव कुमार, बालकिशन, बीरबल, विनोद कुमार, ईश्वर, अमित कुमार, स्वाति, निशा, पूजा, सोनिया, सीमा, रजना, रीतिका, सरिता, मनप्रीत, सुरेंद्र, रविंद्र आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### सीनियर सिटीजन फोरम के प्रधान पद को 2 मैदान में

**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरूक्षेत्र में सीनियर सिटीजन फोरम का 30 साल बाद रविवार 14 दिसंबर को चुनाव होने जा रहा है। इस चुनाव में प्रधान पद हेतु 2 प्रत्याशी मैदान में है। गौरतलब है कि कुरूक्षेत्र में 1995 से सक्रिय सीनियर सिटीजन फोरम के 30 साल में 3 प्रधान बने। ये तीनों हीप्रधान सर्वसम्मति से चुने गए। फोरम के पहले प्रधान संस्थापक सरदार जगजीत सिंह विर्क 16 साल तक फोरम के प्रधान रहे। उनके बाद 2 साल तक हुकुम चंद गोयल प्रधान रहे।

उन्हें बाद बीते 12 साल से डॉ. ए.सी. नागपाल फोरम के प्रधान रहे। इस चुनाव में इस बाद भी सर्वसम्मति से प्रधान चुनने के भरसक प्रयास किए गए। परंतु सर्व सम्मति न बनने की स्थिति में अब रविवार 14 दिसंबर को सीनियर सिटीजन फोरम के भवन में ही चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होगी। रविवार को सुबह 10.30 से दोपहर 2 बजे तक वोटिंग होगी। उसके बाद काउंटिंग और लगभग 4 बजे तक नए प्रधान की घोषणा हो जाएगी। इस चुनाव में प्रधान पद हेतु पीसी गुप्ता और रविंदर अग्रवाल मैदान में हैं। फोरम के 96 वोटर वोट करके अपना नया प्रधान चुनेंगे। इस चुनाव के लिए डीडी शर्मा को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## गायक गुरमीत सिंह को किया सम्मानित



**कुरुक्षेत्र।** गायक गुरमीत सिंह को सम्मानित करते डीके चौहान।

**कुरुक्षेत्र।** गांव मिजार्पुर के प्रतिभाशाली गायक गुरमीत सिंह ने अपने सशक्त और भावपूर्ण स्वरों में देशभक्ति गीत जलवा प्रस्तुत कर गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम में देशप्रेम और उत्साह का शानदार माहौल बना दिया। उनकी बुलंद आवाज और प्रभावशाली प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गुरमीत सिंह की इस प्रेरणादायक प्रस्तुति से प्रभावित होकर आधुनिक इंडिया फाउंडेशनस के प्रेसिडेंट डी.के. चौहान तथा उनके सहायक संतोष ने स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके उत्कृष्ट गायन और देशभक्ति के जज्बे की सराहना का प्रतीक है। आधुनिक इंडिया फाउंडेशन लंबे समय से एससीझएसटी समुदाय को प्रोत्साहित करने और समाज के उत्थान में योगदान दे रहा है। प्रेसिडेंट डी.के. चौहान, जिन्हें एक नेकदिल समाजसेवी के रूप में जाना जाता है, असम में ट्रिबस और एससी समुदाय के युवाओं को आर्मी ट्रेनिंग भी उपलब्ध करवाते हैं। गुरमीत सिंह ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व और ऊर्जा का स्त्रोत है, और वे आगे भी अपनी आवाज के माध्यम से देशभक्ति की भावना को लोगों तक पहुंचाते रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा

**करनाल।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव जगदीप सिंह ने वर्ष 2025 की चौथी और अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। यह बैठक पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की न्यायाधीश तथा प्राधिकरण की कार्यकारी चेयरपर्सन न्यायमूर्ति लिसा गिल के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। बैठक में सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिवों व संबंधित हितधारकों को निर्देश दिए गए कि लंबित मामलों और मुकदमेबाजी-पूर्व विवादों के अधिकतम निपटान को प्राथमिकता दी जाए। जगदीप सिंह ने शीघ्र केस जांच, प्रभावी समन्वय, वादियों से पूर्व-परामर्श, पर्याप्त बेंचों और लॉजिस्टिक व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिला व तालुका स्तर पर वास्तविक समय की प्रगति की मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि वर्ष की अंतिम लोक अदालत सफलतापूर्वक आयोजित हो सके और वादियों को सौहार्दपूर्ण निपटान के माध्यम से त्वरित राहत मिले।

### प्लेसमेंट ड्राइव में 12 प्रार्थियों को किया शॉर्टलिस्ट



**इंद्री।** उपमंडल रोजगार कार्यालय द्वारा एसआईएस सिक्योरिटी कंपनी में भर्ती के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में 23 प्रार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर एसआईएस सिक्योरिटी के भर्ती अधिकारी संतोख सिंह ने प्रार्थियों का साक्षात्कार लिया और 12 प्रार्थियों को शॉर्टलिस्ट करके आगामी कार्यवाही के लिए चयन किया। इस अवसर पर सहायक रोजगार अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि रोजगार विभाग समय-समय पर निजी सेक्टर में प्रार्थियों को समायोजित करवाने के लिए जॉब फेयर व प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाता है। इस कड़ी में उपमंडल रोजगार कार्यालय इंद्री में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। उन्होंने चयनित प्रार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सहायक मंजू कुमारी, जोगिंदर, अभिलाष व कपिल उपस्थित रहे।

### दिल्ली रैली रचेगी इतिहास : लाठर



**करनाल।** करनाल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपिंद्र लाठर भुप्पी ने कहा कि 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली सरकार व चुनाव आयोग को एसआईआर वापस लेने पर मजबूर कर देगी। उन्होंने कहा कि एसआईआर चुनाव आयोग द्वारा थोपा गया एक बड़ा जोखिम है, जिसमें कई बीएलओ को बिना प्रशिक्षण के कार्य पर लगा दिया गया है। भाजपा सरकार और चुनाव आयोग की मिलीभगत से एसआईआर प्रक्रिया तेज़ी से आगे बढ़ाई जा रही है। करनाल जिले से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता रैली में शामिल होकर एसआईआर में हो रही अनियमितताओं के विरोध में आवाज़ बुलंद करेंगे। कांग्रेस लगातार एसआईआर पर सवाल उठा रही है और चुनाव आयोग की कार्यशैली भाजपा के प्रभाव में दिखाई दे रही है।

## शहर में विकास की रफ्तार लगातार आगे बढ़ रही : जगमोहन

# तीन वार्डों में 87.4 लाख के छह विकास कार्यों का शिलान्यास

**हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल**

■ विधायक जगमोहन आनंद, महापौर रेनू बाला गुप्ता, जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर ने किया उद्घाटन

करनाल शहर के वार्ड नम्बर 7, 10 और 19 में कुल 87 लाख 4 हजार रुपये की लागत से होने वाले छह विकास कार्यों का शुक्रवार को संयुक्त रूप से शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, नगर निगम की महापौर रेनू बाला गुप्ता तथा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर मुख्य रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम में वार्ड 7 के पार्षद जोगिन्द्र शर्मा, वार्ड 10 की पार्षद आशया कुमार, मनोनीत पार्षद गौरव नागपाल, वार्ड 19 के पार्षद राजेश अग्घी, पूर्व पार्षद वीर विक्रम कुमार, नगर निगम के कार्यकारी अभियंता ओ.पी. करदम व प्रदीप कल्याण, सहायक अभियंता मंजीत राठी व मदन मोहन गर्ग, कनिष्ठ अभियंता गौरव हुड्डा व राज कुमार सहित भाजपा कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि शहर में विकास की रफ्तार लगातार आगे बढ़ रही है। करनाल के हर कोने में विकास कार्य तेज गति से पूरे किए जा रहे हैं और जनता के पैसे का सही उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाजनक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। महापौर रेनू बाला गुप्ता ने बताया कि विभिन्न वार्डों में करीब 87 लाख रुपये के कार्यों का शुभारम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि शहर में विकास का पहिया बिना रुके आगे बढ़ रहा है और निगम प्रशासन की प्राथमिकता शहरवासियों को और बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री के मार्गदर्शन और विधायक जगमोहन आनंद के सहयोग से शहर में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर ने कहा कि भाजपा सरकार जनता से किए वादों को पूरा कर रही है। प्रत्येक विकास कार्य को पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है, ताकि नागरिक वर्षों तक इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि हर कार्यस्थल पर सूचना बोर्ड लगाया जा रहा है, जिससे नागरिकों को पूरी जानकारी मिलती रहे। हरियाणा सरकार पारदर्शी व्यवस्था के साथ प्रत्येक कार्य को अंजाम दे रही है।



**करनाल।** नारियल फोड़कर शुभरंभ करते विधायक जगमोहन आनंद व अन्य।

### इन विकास कार्यों का हुआ शिलान्यास

- वार्ड 7 — पुरानी सब्जी मंडी के पास माता गामड़ी कॉलोनी की गलियों व नालियों का निर्माण (लागत: 15 लाख 85 हजार रुपये)
- वार्ड 7 — प्रीतम नगर में श्रीराम कुटिया गली का पुनर्निर्माण (लागत: 6 लाख 54 हजार रुपये)
- वार्ड 7 — मीरा साहब सद्भावना (मीरा घाटी) चौक के अधूरे कार्य का पूर्ण निर्माण (लागत: 29 लाख 69 हजार रुपये)
- वार्ड 10 — मकान नम्बर 839 से ओपीएस विद्या मंदिर तक बरसाती पानी निकासी लाइन बिछाने का कार्य (लागत: 14 लाख 44 हजार रुपये)
- वार्ड 19 — प्रेम नगर स्थित कश्मीरा सिंह पार्क में योगा शैड निर्माण (लागत: 9 लाख 70 हजार रुपये)
- वार्ड 19 — राम नगर स्थित डिजिटल लाइब्रेरी के प्रथम तल के कार्य को पूरा करना (लागत: 10 लाख 82 हजार रुपये)

# जिला परिषद की बैठक में 10 एजेंडों पर चर्चा, 8 मंजूर



■ बैठक में बजट, विकास कार्यों, सड़कों की मरम्मत और पिछली कार्रवाई की पुष्टि सहित कई विषयों पर निर्णय

**हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल**

जिला परिषद करनाल की सामान्य बैठक शुक्रवार को परिषद कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला परिषद चेयरपर्सन प्रवेश कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी विधायक भगवान दास कबीरपंथी, असंध विधायक योगेंद्र राणा, जिला परिषद सीईओ डॉ. पंकज सहित पार्षद व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में कुल 10 एजेंडों पर चर्चा हुई, जिनमें से 8 को स्वीकृति मिली और 2 प्रस्ताव निरस्त कर दिए गए। सीईओ डॉ. पंकज ने सभी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से आपसी सहयोग और जनकार्य को समयबद्ध रूप से पूरा करने का आग्रह किया।बैठक में डीडीपीओ कंचन लता, कार्यकारी अभियंता प्रदीप कुमार, उपाध्यक्ष रीना, सदस्य कुलदीप सिंह, गीता देवी, शिवराम सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

### इन एजेंडों को मंजूरी मिली

- *वित्त वर्ष 2026-27 हेतु आवश्यक बजट प्रावधान*
- *पिछली बैठक में स्वीकृत 224 कार्यों में से 194 कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति*
- *जिला परिषद के वार्ड 2, 10 और 16 के प्रस्तावों का अनुमोदन*
- *जिला परिषद सड़कों की वार्षिक मरम्मत हेतु प्रशासनिक स्वीकृति*

## विधायक योगेंद्र राणा का स्वागत

# असंध में 33.30 लाख की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया



■ ग्रामीणों ने विधायक का माल्यार्पण कर किया स्वागत

**करनाल।** असंध विधानसभा क्षेत्र में विकास को नई रफ्तार देते हुए विधायक योगेंद्र राणा ने शुक्रवार को गांव चोरकारसा में 33 लाख 30 हजार रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूलमालाओं से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक राणा ने कहा कि गांवों को आवश्यक सुविधाओं से जोड़ना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी ऐसे ही कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने इन कार्यों के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ब्लॉक समिति चेयरमैन विक्रमजीत सिंह, जलमाना मंडल अध्यक्ष विजय राणा, निसिंग मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन राधेश्याम बंसल, कार्यक्रम आयोजक सुनील कुमार, मंडल महामंत्री महेंद्र मास्टर, सुलेंद्र कादियान, सुरेंद्र राणा, बलकार सिंह सहित कई गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### इन परियोजनाओं का उद्घाटन किया

- जांगड़ा चौपाल (डी प्लान) – 5 लाख
- उपलानी रोड से दलेल वाल्मीकि के घर तक गली – 2.50 लाख
- उर्मिला पंच के घर से रति राम मास्टर के घर तक गली – 2 लाख
- बगड़िया चौपाल से संतू राम के घर तक गली – 5 लाख
- पवन के घर से रघुबीर के घर तक गली (मुख्यमंत्री घोषणा) – 9 लाख
- मेन मार्केट वाली गली – 9.80 लाख

### ग्राम पंचायत विकास योजना में जनभागीदारी को अनिवार्य बताया

**करनाल।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना तभी सफल होगी जब हर नागरिक ग्राम सभा में सक्रिय भागीदारी निभाए। वे बेरी ब्लॉक, जिला झज्जर की सभी पंचायतों के सरपंचों और ग्राम सचिवों के साथ ऑनलाइन बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय विकास की सही प्राथमिकता तय करना, डेटा आधारित योजना बनाना, समयबद्ध क्रियान्वयन और नियमित मॉनिटरिंग से ही गांव का समग्र विकास संभव है।

ग्राम सभा को गांव के विकास की सबसे अहम कड़ी बताया, जहाँ ग्रामीण अपनी समस्याएं, जरूरतें व सुझाव खुलकर रखते हैं। डॉ. चौहान ने सभी सरपंचों व अधिकारियों से कहा कि ग्राम सभा में अधिकतम ग्रामीणों की उपस्थिति, सभी वर्गों की भागीदारी और बैठक का व्यवस्थित रिकॉर्ड सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मजबूत ग्राम सभाएं ही प्रभावी GPDP की नींव हैं। बैठक में वरिष्ठ सलाहकार गुरबिंदर सिंह, बीडीपीओ राजाराम सहित अनेक सरपंच व सचिव मौजूद रहे।

## रामकुमार ने किया शुभारंभ

# पंजोखरा अप्रोच रोड व मनक माजरा अप्रोच रोड का नवीनीकरण कार्य शुरू



इंद्री। सड़कों के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ करते विधायक रामकुमार कश्यप। *फोटो : हरिभूमि*

**इंद्री।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप ने गांव मनक माजरा में आयोजित कार्यक्रम में इंद्री विधानसभा मे लगभग 131.84 लाख रुपये से बनने वाली दो सड़कों के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ किया। इन सड़कों में 1.26 किलोमीटर लम्बाई की 63.57 लाख रुपये की लागत से बनने वाली पंजोखरा अप्रोच रोड तथा 1.78 किलोमीटर लम्बाई की 68.27 लाख रुपये से बनने वाली मनक माजरा अप्रोच रोड़ शामिल हैं। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। विधायक ने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा इंद्री विधानसभा क्षेत्र की लगभग 70 सड़कों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण व मरम्मत का कार्य चल रहा है तथा जल्द ही सभी सड़कें बनकर तैयार हो जाएंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सड़कों का निर्माण समयबद्ध तरीके से पूरा करने के साथ उनकी गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा जाए, ताकि आमजन को इनका लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर नागरिक सशक्त हो और उसे मूलभूत सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि सरकार केवल शहरी क्षेत्रों पर ही नहीं, बल्कि गांवों में भी समान रूप से विकास के कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। प्रदेश सरकार की विकास नीति का मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास है और इसी विजन पर कार्य करते हुए बिना किसी भेदभाव के हर क्षेत्र में समग्र विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के एसडीओ रोहताश, मार्किट कमेटी चेयरमैन महिन्द्र पंजोखरा, आरती देवी, जोगिन्द्र, सुभाष खेड़ा, सुदर्शन बजाज, बालक राम, ओम प्रकाश व विशाल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# कृषि उत्पादों की जबरन बिक्री पर कार्रवाई, चंबल फर्टिलाइजर पर प्रतिबंध

■ ट्रेडर्स की शिकायतों के आधार पर कृषि विभाग ने की कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल**



करनाल फर्टिलाइजर, पेस्टीसाइड एवं सीड ट्रेडर्स एसोसिएशन की नई अनाजमंडी स्थित कार्यालय में बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रधान रामकुमार गुप्ता ने की। बैठक में बताया गया कि डीएपी और यूरिया के साथ अवांछनीय कृषि उत्पादों की जबरन बिक्री को लेकर ट्रेडर्स की शिकायतों पर कृषि विभाग पंचकूला ने चंबल फर्टिलाइजर पर कार्रवाई की है। कृषि विभाग ने कंपनी द्वारा बेचे जाने वाले कुछ कीटनाशक उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है, साथ ही यूरिया व डीएपी (एमओडी, एसएसपी) को छोड़कर माइकोराजा, बायो फर्टिलाइजर, सल्फर, जीक फेरस आदि की जबरन बिक्री पर भी रोक लगा दी गई है। एसोसिएशन ने कृषि निदेशक पंचकूला और करनाल के उप कृषि निदेशक का धन्यवाद किया। रामकुमार गुप्ता ने कहा कि करनाल मंडियों से लंबे समय से शिकायतें आ रही थीं कि अवांछित उत्पाद दुकानदारों पर थोपे जा रहे थे, जिसे किसान लेने से मना कर देते थे, जिससे किसान और दुकानदारों के संबंध प्रभावित हो रहे थे। संरक्षक श्याम राणा ने कहा कि जिन कंपनियों पर ऐसी शिकायतें सिद्ध हों, उन पर सख्त कार्रवाई आवश्यक है। बैठक में देवेंद्र चौहान, विनोद गोयल, ब्रजलाल गर्ग, महेंद्र गोयल, सुमित कांबोज, विकास बंसल, रमन कांबोज, राकेश कुमार, गोपीचंद, पवित्र सिंह, राधेश्याम राणा, श्याम नगला व कुलदीप बांगड़ उपस्थित रहे।

## गांव कलवेहड़ी में तीन दिवसीय भंडारा शुरू

**करनाल।** बाबा राम दास गिरि चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में गांव कलवेहड़ी में बाबा राम दास गिरि की स्मृति में तीन दिवसीय 120वां शीतकालीन भंडारा आरंभ हुआ। गद्दीनशीन वैद्य देवेंद्र बत्तरा, दर्शना बत्तरा, यजमान मिनी खुराना व दिनेश खुराना ने पावन जोत प्रज्ज्वलित कर मां भगवती चौकी का शुभारंभ किया। सुबह समाधि स्थल पर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने वैद्य देवेंद्र बत्तरा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वैद्य बत्तरा ने समाधिभिषेक किया। मुख्य यजमान के रूप में सन्नी मुंजाल व कोमल मुंजाल उपस्थित रहे। मंत्रोच्चारण पंडित प्रवीण गोंसाई, चेतन शर्मा, शेखर शर्मा, सचिदानंद तिवारी व राजीव द्वारा करवाया गया। सामूहिक आरती के बाद अशोक शर्मा एंड पार्टी ने महामाई का गुणगान किया। कलाकारों ने गणेश वंदना के साथ देवी–देवताओं की झांकियां प्रस्तुत कीं। पवन शर्मा, गोपाल रसिक, मदन व दिनेश ने भजन प्रस्तुत किए। 13 और 14 दिसंबर को धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जबकि 14 दिसंबर को मुख्य भंडारा और संत–महात्माओं के प्रवचन होंगे। कार्यक्रम में यश बत्तरा, डॉ. गौरव बत्तरा, डॉ. मानव बत्तरा, हरबंस खुराना, सुभाष गुरेजा, रामलाल ग्रोवर, शाम चावला, लक्षिता बत्तरा व साबिया बत्तरा उपस्थित रहे।



## स्थानीय लोग बोले- धूल, गड्ढे और फिसलन से जान जोखिम में पड़ रही

# नगला चौक सड़क बदहाल, अधूरा निर्माण बना मुसीबत

■ संबंधित विभाग और ठेकेदार ने दिए मरम्मत का आश्वासन

**हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| घरौंडा**



घरौंडा से नगला चौक तक सड़क निर्माण का कार्य पिछले करीब दो महीनों से ठप पड़ा है, जिसके चलते मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सड़क को लगभग दो महीने पहले पूरी तरह उखाड़ दिया गया था, लेकिन उसके बाद से निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ा। उखड़ी सड़क को न समतल किया गया और न ही धूल को नियंत्रित करने के लिए नियमित पानी का छिड़काव किया जा रहा है। इससे धूल पूरे दिन हवा में उड़ती रहती है और आसपास के लोगों के लिए यह बड़ी समस्या बन चुकी है। प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले विनोद कुमार, अनिल राणा, जयकुमार और ओमवीर सिंह का कहना है कि सड़क उखाड़ने के बाद पानी के छिड़काव में भारी लापरवाही बरती जा रही है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों से दोपहिया वाहन फिसलने का खतरा बढ़ गया है। धूल इतनी अधिक उड़ती है कि

### लोगों की मांग, जल्द बहाल हो निर्माण

*स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य में देरी अब सहनशक्ति से बाहर हो चुकी है। धूल, गड्ढे और फिसलन के कारण लोग प्रतिदिन खतरा मोल लेकर यात्रा कर रहे हैं। उनकी मांग है कि प्रशासन तत्काल निर्माण कार्य बहाल करे और सड़क को जल्द से जल्द उपयोग योग्य बनाया जाए।*

### बेतहाशा पानी से बढ़ रहा हादसों का खतरा

स्थानीय लोगों ने बताया कि जहां सड़क पर पानी का छिड़काव नहीं हो रहा, वहीं कुछ फैक्ट्री मालिक अपनी फैक्ट्री के सामने जरूरत से कहीं ज्यादा पानी डाल देते हैं, जिससे सड़क फिसलन भरी हो जाती है। तेज गति से गुजरने वाले वाहनों के लिए यह हिस्सा हादसों को न्योता दे रहा है।

### कैरवाली-कालरों मार्ग अधूरा

कैरवाली निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि कैरवाली और कालरों के बीच सड़क का निर्माण कई दिनों से रुका पड़ा है। जहां सड़क बनाई भी गई है, वह भी टूटने लगी है। उनका कहना है कि विभाग और ठेकेदार ने मौसम तथा मशीनरी की स्थिति का ठीक से आकलन किए बिना ही निर्माण शुरू कर दिया, जिसका परिणाम यह हुआ कि सड़क अधूरी छोड़ दी गई और लोगों को रोजाना जोखिम उठाकर गुजरना पड़ रहा है। मामले पर जब पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन संदीप कुमार से बात की गई, तो उन्होंने स्वीकार किया कि स्थिति विभाग के संज्ञान में है। उन्होंने बताया कि ठेकेदार को तुरंत पानी का छिड़काव शुरू करने और उखड़ी सड़क की स्थिति में सुधार के निर्देश जारी किए गए हैं।

सड़क निर्माण के ठेकेदार मनदीप नैन ने मौसम में नमी और मशीनरी में आई तकनीकी खराबी को काम रुकने का कारण बताया। उन्होंने कहा कि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य दोबारा शुरू किया जाएगा और नियमित छिड़काव भी सुनिश्चित किया जाएगा।

# जरूरतमंद छात्राओं को जर्सी, जूते-जुराबें वितरित




**करनाल।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सालवन में समाजसेवी संजीव कौशिक ने जरूरतमंद छात्राओं को जर्सी, जूते व जुराबें वितरित कीं। संजीव कौशिक अपने पुत्र देव कौशिक के साथ स्कूल पहुंचे और छात्राओं को यह सामग्री प्रदान की। कौशिक ने कहा कि ईश्वर की कृपा से उन्हें यह सामाजिक कार्य करने का अवसर मिला है और समाज के सक्षम लोगों को जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। स्कूल प्राचार्य सुरेंद्र मिगलानी ने संजीव कौशिक के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि जरूरतमंद बच्चों की सहायता करना सबसे बड़ा सामाजिक कार्य है। कार्यक्रम में मदनलाल फफड़ाना, सुनील शर्मा, जितेंद्र, सुदेश देवी, सरोज देवी, अन्नू रानी, कविता, मीना, सीना देवी, अजय, सचिन व राजबाला उपस्थित रहे।

### जिला सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक

# जनसमस्याओं के समाधान में देरी बर्दाश्त नहीं होगी

- जनता से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया

## अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर ने संबोधित किया


पानीपत। समीक्षा बैठक में भाग लेते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में आज आयोजित समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान जनता से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। बैठक की वर्चुअल अध्यक्षता कर रहे हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर (आईएएस) ने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की देरी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने प्रदेश भर के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतें हमारे लिए केवल फाइलें नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और विश्वास की परीक्षा हैं। प्रत्येक शिकायत का निपटान निर्धारित समय-सीमा में, पारदर्शी और ठोस कार्रवाई के साथ किया जाना अनिवार्य है। प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता है, और यह प्राथमिकता कार्यों में दिखनी चाहिए। बैठक में निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी ने बाद में अधिकारियों के साथ बैठक कर शिकायतो के निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि सभी विभागों को पहले ही निर्देश जारी किए जा चुके हैं कि वे अपनी शाखाओं से संबंधित शिकायतों का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। एसडीएम मनदीप कुमार ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि शिकायतों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई अब अनिवार्य है।

**मौके पर ये मौजूद रहे**

*इस मौके पर सीईओ डॉ. किरण, सीएमओ विजय मलिक, डीडीपीओ राजेश शर्मा, डीएसपी राजबीर, पशुपालन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. संजय आंतिल, आरटीओ डॉ. नीरज जिंदल, जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल, कोच पूनम सिंह, फिशरी अधिकारी मदन मोहन, जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन करण बहल, एसडीओ सूबे सिंह, बिजली विभाग के एक्सईएन आदित्य कुंडू, संजीव शर्मा, रमेश, जोगिंदर सहित कई अधिकारी मौजूद*

# जरूरमंदों की सहायता के लिए शपथ दिलवाई

### प्रतिभागियों को जनकल्याणकारी गतिविधियों से जोड़ना रेडक्रास का कार्य



रिबन काटकर कैंप का शुभारंभ करते डीईओ राकेश बूरा व कैंप में भाग ले रहे विद्यार्थियों को सहायता की शपथ दिलाते अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेडक्रास सोसाईटी डा.विरेन्द्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन व अंकुश मिंगलानी उपाध्यक्ष एंव डॉ.सुनील कुमार महासचिव भारतीय रैडक्रास सोसाईटी हरियाणा राज्य शाखा चण्डीगढ़ के निर्देशानुसार आज से 16 दिसम्बर तक चलने वाले जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत के प्रांगण में किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीईओ राकेश बूरा ने रिबन काटकर व द्वीप प्रज्वलित कर किया। वहीं अतिथिगण द्वारा रेडक्रास के संस्थापक सर जीन हैनरी डयूना को पुष्प अर्पित किए गए। श्रीराम आशीष मंडल स्टेट कोर्रिडनेटर जेआरसीए हरियाणा रेडक्रास विशेष अतिथि रहे। अतिथियों का स्वागत गौरव राम करण सचिव जिला रैडक्रास सोसाईटी पानीपत व हरमेश चन्द शिविर निदेशक एंव विभिन्न स्कूलों से आये जूनियर रैडक्रास कांउसलरस ने पुष्पगुच्छ देकर व फूल मालाओं से किया। सचिव ने बताया कि रेडक्रास सोसाईटी के सौजन्य से व शिक्षा विभाग के सहयोग से जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रास विद्यार्थियों के पांच दिवसीस शिविर में लगभग 20 स्कूलों से 120 से अधिक प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया जा रहा है। शिविर का उदेश्य स्कलों में जूनियर रेडक्रास की गतिविधियों को बढ़ावा देना है। मीना कुमारी जिला कोर्डिनेटर जूनियर रेडक्रास विंग ने आये हुए अतिथियों व प्रतिभागियों को गरीबों, असहाय व जरूरमंदों की सहायतार्थ जूनियर रेडक्रास शपथ दिलवाई।

**ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर जेआरसी कांउसलर रिंकेश, रेडक्रास से आरसीआईटी डायरेक्टर डा.सोनू सिंह, मनोज कुमार, जसमेर सिंह,प्रोजेक्ट मैनेजर सुदेश, प्रवक्ता कला भारद्वाज, जेआरसी कांउसलर स्वंयसेवक प्रीती, अमन, इरफान, संतोष, सुशीला व राधा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## अपोलो स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शुगर मिल का भ्रमण



**पानीपत।** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने आज पानीपत शुगर मिल का शैक्षणिक दौरा किया। यह औद्योगिक भ्रमण रोबोटिक्स ट्रेनर शगुन के मार्गदर्शन में आयोजित था। जिसका उद्देश्य छात्रों को शुगर उत्पादन प्रक्रिया को वास्तविक रूप में दिखाना और समझाना था ताकि वे कक्षा में पढ़े गए सिद्धांतों को उद्योग में लागू होते हुए देख सकें। शुगर मिल में छात्रों ने गन्ने के आगमन से लेकर जूस एक्सट्रैक्शन, क्लैरिफिकेशन, इवेपोरेशन, क्रिस्टलाइजेशन और पैकेजिंग तक चीनी निर्माण की हर महत्वपूर्ण प्रक्रिया को नजदीक से जाना। अपोलो इंटरनेशनल स्कूल हमेशा यह प्रयास करता है कि हमारे विद्यार्थी केवल किताबों तक सीमित न रहें बल्कि उद्योगों में जाकर वास्तविक अनुभव प्राप्त करें।

# सरकार कृषि कानून लाई यह किसानों की एकजुटता के कारण ही संभव हुआ

### असली मुद्दों से ध्यान हटाया जा रहा


पानीपत। हल्का इसराना में पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह की पैदल सद्भाव यात्रा में काफिले के साथ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आज देश की जनता का असली मुद्दों से ध्यान हटाकर हिन्दू मुस्लिम, वंदे मातरम की ओर ध्यान केंद्रित करने के काम में लगी है। भाजपा सरकार संसद में जनता के मुद्दों पर चर्चा ना होकर वंदे मातरम पर चर्चा हो रही है। यह बातें पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह ने आज अपनी सद्भाव यात्रा में हल्का इसराना के आधा दर्जन गांवों शाहपुर, बुआना लाखू, पूठर, पलडी, बलाना, नौल्था में पहुंची और गांव मांड़ी पहुंचने के बाद ग्रामीण सभा को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह सद्भाव यात्रा इसलिए चलाई गई है कि आपसी भाईचारा 36 बिरादरी का कायम रहे। इसके लिए हम सब को एकजुट होकर ऐसी ताकतों के खिलाफ आवाज उठानी होगी जो आपसी भाईचारा खराब कर रहे हैं। भाजपा सरकार तीन कृषि कानून लाई यह किसानों की एकजुटता के कारण ही संभव हुए हैं। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक राजरानी पूनम, संजय छौक्कर, गगन सेठी, पूर्व चेयरमेन इसराना ब्लाक पंचायत समिति ऋषिपाल शर्मा, पूर्व सरपंच जितेंद्र काला, कर्मचंद पूनम, सुभाष सुताना, राज सिंह आर्य, पूर्ण डिडवाडी, जोनी चमराडा, बलवान घनघस मांड़ी, हवासिंह, जोगिंदर सिंह, अनिल कुमार आदि मौजूद थे।

## पंजाबी सोसाइटी ने विधायक मनमोहन भड़ाना से मिल धर्मशाला निर्माण की दी जानकारी



**समालखा।** पंजाबी सोशल वेलफेयर सोसाइटी की कार्यकारिणी ने आज ब्लू जे होटल में हलका विधायक मनमोहन भड़ाना से मिलकर गठित नई कार्यकारिणी से परिचय किया तथा भापरा रोड पर बन रही धर्मशाला के बारे में बातचीत की। पंजाबी सभा के पूर्व प्रधान श्यामसुंदर बरेजा ने कहा कि विधायक के प्रयास से पिछले करीब 10 वर्षों से बंद पड़े धर्मशाला के काम को एक नई गति मिली है। विधायक भड़ाना ने खुद अधिकारियों से बातचीत कर अपनी रुचि दिखाते हुए पंजाबी समुदाय की एक सुंदर धर्मशाला का निर्माण करने के आदेश दिए हैं। वहीं बरेजा ने विधायक को भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी पंजाबी समुदाय आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। उधर पंजाबी सोशल वेलफेयर सोसाइटी के नवनियुक्त प्रधान संजीव अनेजा ने भी विधायक की प्रशंसा की। अनेजा ने कहा कि जल्दी शहर का पंजाबी समाज विधायक का एक समारोह आयोजित कर जोरदार स्वागत करेगा। विधायक का ब्लूजे में पहुंचने पर समाज के लोगों ने फूल मालाओं व बुक्का देकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर धर्मशाला कमेटी के प्रधान नंदलाल अरोड़ा, जगतार सिंह बिल्ला, अमन दीप, मन्नू छाबड़ा, अशोक मेहंदीरत्ता, तिलक बत्रा, लेखराज खट्टर, देवेंद्र खन्ना, विपिन छाबड़ा, मदन लाल चोपड़ा, ज्ञानचंद तनेजा, सुमंत भोला, देवेंद्र खन्ना, सुरेश निरंकारी, राजेश कपूर, अश्विनी मिड्ढा, इशू नागपालए आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# जिला रैंकिंग टेबल टेनिस चैम्पियनशिप आयोजित

### विजेताओं को पुरस्कृत किया


पानीपत। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते अतिथिगण व आयोजक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हैल्पेज ऑर्फन्स की सहयोगी संस्था इंडियन यूथ कॉउंसिल स्पोट्र्स फेडरेशन ने दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल समालखा में लायंस क्लब पानीपत के साथ मिलकर जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के बैनर तले प्रथम जिला रैंकिंग टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन किया। फेडरेशन के संस्थापक व प्रधान एडवोकेट मनन सिंगल ने बताया की जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के पिछले 3.4 वर्षो से सक्रिय न होने के कारण टेबल टेनिस का खेल पानीपत जिला सत्तर पर बहुत पीछे चला गया है और आने वाले 2-3 वर्षो में इस खेल व इसके खिलाड़ियों को राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत आगे ले जाने के लिए एक पहल इंडियन यूथ कॉउंसिल स्पोट्र्स फेडरेशन संस्था द्वारा की गई है। टूर्नामेंट के सह.समन्वयक सीए शिवम कक्कर व डॉ.अनु कालड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारम्भ उर्वशी व नीरज गोयल और संजय अग्रवाल द्वारा किया गया। जबकि पुरस्कार वितरण समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार बूरा, दिल्ली वल्र्ड पब्लिक स्कूल के चेयरमैन रमेश रेवड़ी, आईबी शिक्षा संस्थान के एडमिन हेड गोबिंद कालड़ा द्वारा सभी आयु वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया गया व सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र भी दिए गए। इस अवसर पर आयोजक टीम से युवराज चुघ, अर्जुन काठपाल, गवीश त्रेहन, सानव गाँधी, अनुराग गांधी, प्रीती जुनेजा, राहुल मित्तल, दीपक कटारिया व दिल्ली वल्र्ड पब्लिक स्कूल के एचओडी राम बाली कुमार मौजूद रहे।

## महिलाओं को विस्तार से उक्त सभी प्रकार की सामग्री बनाना सिखाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजाखेड़ी की प्राचार्या सुमित्रा सांगवान ने महिलाओं के लिए आज एक कैंप का आयोजन किया। जिसमें गांव से दर्जनों महिलाओं को ट्रेनर द्वारा मसाले, पापड़ एवं सभी प्रकार के अचार बनाने की विधि सिखलाई गई। कैंप के दौरान ट्रेनर राजवंती देवी ने महिलाओं को विस्तार से उक्त सभी प्रकार की सामग्री बनाना सिखाया। वहीं सुमित्रा सांगवान ने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी द्वारा आत्मनिर्भर भारत का जो संकल्प लिया गया है उसी कड़ी में हमने भी अपने योगदान स्वरूप महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु इस कैंप का आयोजन किया था। जिसके लिए पिछले दिनों स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम मे हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा से भी हमें प्रेरणा मिली थी। प्रवक्ता हिंदी सरोज देवी ने सभी महिलाओं एवं ट्रेनर का धन्यवाद किया।

# बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोहा



संत ईश्वर ज्ञानदीप सेवाधाम वार्षिक कार्यक्रम में मौजूद गायक मासूम शर्मा, हरपाल ढांडा व अन्य। व :विद्यालय के बच्चों को सम्मानित करते हुए विधायक प्रमोद विज। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

संत ईश्वर ज्ञानदीप सेवाधाम पानीपत का वार्षिक उत्सव आज सम्पन्न हुआ। माता चंद्रकांता स्मृति सेवा न्यास एवं सेवा भारती पानीपत द्वारा संचालित यह विद्यालय पिछले 23 वर्षों से घुमंतू एवं वंचित समुदायों के बच्चों को शिक्षा, संस्कार और बेहतर भविष्य का अवसर प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम में लोकप्रिय कलाकार मासूम शर्मा, समाजसेवी एवं व्यवसायी हरपाल ढांडा तथा पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज विशेष अतिथियों के रूप में उपस्थित रहे। गायक मासूम शर्मा ने कहा कि माता चंद्रकांता स्मृति सेवा न्यास ने प्रेम, अनुशासन और समर्पण के साथ जिस भावना से इस विद्यालय को आगे बढ़ाया है वह अद्वितीय है। पूज्य खैरातीलाल खन्ना की विरासत को कपिल खन्ना जिस निष्ठा से आगे बढ़ा रहे हैं वह समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने विद्यालय के विकास हेतु 21 लाख की सहायता की घोषणा की। वहीं हरपाल ढांडा ने कहा कि ज्ञानदीप सेवाधाम केवल शिक्षा नहीं देता, यह चरित्र गढ़ता है, संस्कार देता है और बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने का आत्मविश्वास देता है। उन्होंने भी विद्यालय के विकास हेतु 21 लाख की सहायता की घोषणा की। जबकि विधायक प्रमोद कुमार ने विद्यालय और न्यास के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संत ईश्वर ज्ञानदीप सेवाधाम केवल एक विद्यालय नहीं बल्कि पानीपत के वंचित और घुमंतू समुदायों के बच्चों के लिए आशा की ज्योति है। उन्होंने कहा कि मैं आपको यह स्पष्ट आश्वासन देता हूं कि विद्यालय भवन के पुनर्निर्माण तथा विस्तार कार्य में मेरी पूर्ण जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता रहेगी। कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

**ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर रमेश नांगरू, पार्षद राकी गहलोत, वृंदा खन्ना, बलराम नंदवानी, संदीप पाल, अनूप गर्ग, अशोक अग्रवाल, अनिल मितल , गुलाब, सुरेश गांधी आदि मौजूद रहे।

### सागर का लाभ अब एकेडमी के खिलाड़ियों को मिलेगा

## अमेरिका से ट्रेनिंग लेकर लौटे सागर का हुआ जोरदार स्वागत


समालखा। सागर यामिन का स्वागत करते एकेडमी के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

**समालखा।** यामीन इंट्रनेशनल स्पोर्टस एकेडमी में आज स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सागर यामिन को अमरिका की स्पोर्टस अकादमी में ट्रेनर के रूप में विशेष ट्रेनिंग लेकर लौटने पर उनका स्वागत किया गया। यहां ताइक्वांडो अकादमी ने मार्शल आट्र्स की ट्रेनिंग के लिए उन्हें विशेष रूप से बुलाया था। वहीं अंतरराष्ट्रीय कोच ने बताया कि सागर का लाभ अब एकेडमी के खिलाड़ियों को मिलेगा। अकादमी के नन्हें खिलाड़ी और अभिभावकों ने सागर का स्वागत किया। इस अवसर पर सुरेन्द्र सराहा, नरेंद्र शर्मा, अजित, सोनिया, महक, साइना, फातिमा, ज्योति, शाइस्ता, मनमीत सिंह आदि ने भी अपना आशीर्वाद दिया ।

# एसडी इंटरनेशनल की अद्भ्या व मायरा का बीसीसीआई में चयन




- दोनों छात्राओं का चयन न सिर्फ विद्यालय के लिए गर्व का विषय है बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा भी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हुडा सेक्टर 6 स्थित एसडी इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 8 की छात्राएं अद्भ्या अहलावत और मायरा भारद्वाज ने अंडर 15 आयु वर्ग में बीसीसीआई राज्य स्तरीय में चयन प्राप्त कर विद्यालय तथा पानीपत शहर का नाम राज्य स्तर पर रोशन किया है। विद्यालय की खेल संस्कृति, अनुभवी कोचों का मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण ने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन दोनों छात्राओं का चयन न सिर्फ विद्यालय के लिए गर्व का विषय है बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा भी है। विद्यालय के अध्यक्ष पवन गर्ग एवं प्रधानाचार्या रुचि शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अद्भ्या अहलावत और मायरा भारद्वाज का प्रदेश टीम में चयन हमारे विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व की बात है। इन दोनों छात्राओं ने अपने प्रदर्शन से यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पित प्रयास और दृढ़ इच्छाशक्ति से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। हमें पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी वे राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय,पानीपत और देश का नाम रोशन करेंगी।

**निमंत्रण** 2047 तक हरियाणा और भारत को विकसित देशों की श्रेणी में ले जाने के लिए प्रतिबद्ध

# गुरु ब्रह्मानंद की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक : पंवार


पानीपत। गुरु ब्रह्मानंद की जयंती का न्यौता देने पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण व मंत्री कृष्ण पंवार का स्वागत करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा सरकार ने प्रसिद्ध समाज सुधारक गुरु ब्रह्मानंद की जयंती 23 दिसंबर को उनके पैतृक गांव चूड़ माजरा (कैथल) में मनाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सहित सभी विधायक और पूर्व विधायकों को आमंत्रित किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज अहर में ग्रामीणों को इस जयंती का निमंत्रण देते हुए कहा कि गुरु ब्रह्मानंद ने नारी शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में अद्वितीय कार्य किए हैं। उनके प्रयासों की बदौलत आज हमारी सामाजिक सोच और पर्यावरण संरक्षण की दिशा मजबूत हुई है। प्रदेश सरकार उनके इन अभियानों को आगे बढ़ाने का संकल्प रखती है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि इस जयंती में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने कहा कि 2047 तक हम हरियाणा और भारत को विकसित देशों की श्रेणी में ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विशेष कमेटियां बनाई जा रही हैं, और गांव-गांव में लोगों को इस जयंती में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। वहीं कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार ने कहा कि जैसे हर साल हम उत्साह और उमंग के साथ गुरु ब्रह्मानंद की जयंती मनाते हैं, इस बार भी इसराना विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। गुरु ब्रह्मानंद के नाम पर चल रहे आश्रम और सामाजिक कार्य आज भी समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। हमारी सरकार उनकी शिक्षाओं और समाज सुधार के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए लगातार योजना बना रही है। इस अवसर पर पूर्व विधायक कलीराम, बलकार सिंह, धर्मवीर, मांगे राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में एवीटी सैल ने आरोपी राजा व गौरव कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से अन्य मामलों में भी चोरीशुदा चार मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। एवीटी सैल निरीक्षक ऋषिपाल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी चोरीशुदा बाइक बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। सैल के पुलिस दल ने एनएच-44 सर्विस रोड नई घास मंडी के पास नाकाबंदी के दौरान बाइक सवार आरोपियों को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया।

### 327 बोतल सहित दो आरोपी दबोचे

**अंबाला।** थाना पड़ाव के पानी की टंकी 12 क्रॉस रोड से अवैध शराब तस्करी मामले में सीआईए-2 ने कार में सवार आरोपी गौरव को 108 बोतल देसी शराब, 36 बोतल बीयर व 72 बोतल अंग्रेजी शराब (कुल 216 बोतल) शराब सहित गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अन्य मामले में बिहटा से अवैध शराब तस्करी मामले में पुलिस ने आरोपी अनिल उर्फ बब्लू को 36 बोतल व 300 पव्वे (75 बोतल) (कुल 111 बोतल) देसी शराब सहित काबू किया है।

### हादसे में बुजुर्ग की मौत पुलिस ने दर्ज किया केस

**शहजादपुर ।** छज्जूमाजरा अड्डे के निकट वाहन की चपेट में आकर मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार के मोतिहारी निवासी भिखारी महतो (60) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। मृतक पिछले एक महीने से अपने दामाद, राजेश महतो के पास रहकर कंसल फैक्ट्री में मजदूरी का काम कर रहा था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

# फैमिली आईडी की खामियों से लोग परेशान, नहीं हो रहा हल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

परिवार पहचान पत्र में लोगों की कई समस्याएं दूर नहीं हो पा रही हैं। करधान की महिला के बेटे को पीपीपी के रिकॉर्ड में सरकारी कर्मचारी दिखा दिया जिससे उनका राशन कार्ड कट गया। जबकि महिला के अनुसार उनका बेटा किसी फैक्ट्री में काम करता है। परिवार पहचान पत्र में आय बढ़ने से अब परिवार का नया राशन कार्ड भी नहीं बन पा रहा है। फैमिली इनकम की इन समस्याओं को लेकर रोज लोग चक्कर काट रहे हैं। पिछले

तीन महीनों से काफी लोग से नगर परिषद कैंट के क्रिड कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। इसके बाद भी लोगों के परिवार पहचान पत्र में किसी तरह के काम नहीं हो रहे हैं। इस कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कम नहीं हो रही आय बब्याल के सुभाष ने बताया कि उनके परिवार पहचान पत्र में आय 2 लाख 60 हजार की गई है। जबकि परिवार के सभी सदस्यों की आय मिलाकर एक लाख 80 हजार से ज्यादा नहीं है। इसके कारण उनका राशन कार्ड कट गया है। वह कई दिनों से आय कम करवाने के लिए कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। लाल कुर्ती की महिला प्रवीण ने बताया कि छह महीने पहले उनके पति की मृत्यु हो गई और अब तक उनकी विधवा पेंशन नहीं लगी हैं। उनके परिवार पहचान पत्र में आय एक लाख 70 हजार रुपये है। इस कारण उनकी पेंशन नहीं लग रही है। वह कभी नगर परिषद तो कभी उपमंडल भवन पेंशन कार्यालय के चक्कर लगा रही हैं। उनकी समस्या का अब तक समाधान नहीं हुआ है करधान की दीप्पी ने बताया कि उनके परिवार पहचान पत्र में उन्हें और उनके बेटे को सरकारी कर्मचारी दिखा दिया गया जिसके कारण अचानक उनकी आय बढ़ गई और उनका बीपीएल राशन कार्ड कट गया।

मुश्किल से दोनों की सरकारी नौकरी हटवा दी है

# अंबालाः सेक्टर 33 में बनेगा100 बिस्तरों का ईएसआईसी आधुनिक अस्पताल

■ एचएसवीपी ने भूमि आवंटन के लिए जारी किया पत्र : मंत्री विज

**हजारों औद्योगिक श्रमिकों और उनके परिवारों को मिलेगा स्वास्थ्य लाभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

अंबाला छावनी में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा 100 बिस्तरों का अत्याधुनिक अस्पताल स्थापित किया जाएगा। इसके लिए सेक्टर 33 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा भूमि आवंटन पत्र जारी कर दिया गया है।

इस अस्पताल के स्थापित होने से अंबाला सहित आसपास के जिलों के हजारों श्रमिकों व उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया हो पाएंगी। श्रम मंत्री अनिल विज ने बताया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) द्वारा ईएसआईसी के क्षेत्रीय निदेशक को भूमि आवंटन का पत्र जारी कर दिया है। इसके पश्चात्‌ईएसआईसी द्वारा भूमि भुगतान कर अस्पताल का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी व साहा औद्योगिक क्षेत्र अंबाला छावनी सेक्टर-33 के साथ ही स्थित है। यहां हजारों श्रमिक कार्यरत हैं। इन सभी बीमित कर्मचारियों और उनके आश्रितों को इस अस्पताल से सीधा लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने इस परियोजना को अंबाला छावनी और आसपास के क्षेत्रों और समीपवर्ती जिलों के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए पिछले काफी समय से लगातार केंद्र सरकार और संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाए हुए हैं।

**उचित उपचार मिलेगा**

उन्होंने बताया कि अस्पताल में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं, जैसे कि मेडिसिन, सर्जरी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, बाल रोग, अस्थि रोग, ईएनटी, नेत्र रोग, त्वचा रोग, मनोरोग और आपातकालीन चिकित्सा जैसी प्रमुख सेवाएं प्रदान करेगा। अस्पताल में 24×7 आपातकालीन व ट्रॉमा केयर, आधुनिक आईसीयू, उन्नत जांच सुविधाएं, तथा इन-पेशेंट, आउट-पेशेंट और डे-केयर सेवाएँ उपलब्ध रहेंगी, ताकि बीमित व्यक्तियों को समय पर और उचित उपचार मिल सके।

## उपायुक्त ने बाढ़ प्रबंधन के तहत किए जाने वाले कार्यों को लेकर बैठक में दिए निर्देश

# भविष्य में जलभराव की स्थिति पैदा न हो :अजय

**बरसाती सीजन से पहले जलभराव रोकने को लेकर बनी योजनाएं**

■ बरसाती सीजन से पहले जलभराव रोकने को लेकर बनी योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला



मीटिंग के दौरान मौजूद अधिकारी।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में बाढ़ प्रबंधन के तहत किए जाने वाले कार्यों बारे विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके उनके साथ एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, एसडीएम शिवजीत भारती, अधीक्षक अभियंता सिंचाई विभाग मनीष शर्मा मौजूद रहे। उपायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, नगर परिषद, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन के तहत जो कार्य एवं योजनाएं बनाई जानी हैं उसकी जानकारी हासिल करते हुए निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम को भी कहा कि सिंचाई विभाग व अन्य संबंधित विभागों द्वारा बाढ़ प्रबंधन के दृष्टिगत जो योजनाएं बनाई गई हैं उन योजनाओ की रूपरेखा की जानकारी लें और यह भी ध्यान रखें कि यदि इन कार्यों के तहत ओर कार्यों एवं परियोजनाओं को जोड़ा जाना है उस कार्य को भी करवाएं। उन्होंने बैठक के दौरान सम्बन्धित विभागों को यह भी कहा कि बाढ़ प्रबंधन के तहत बेहतर समन्वय बनाकर रूपरेखा तैयार करें ताकि जल भराव की स्थिति से निपटा जा सके। उपायुक्त ने यह भी कहा कि सिंचाई विभाग जहां बाढ़ प्रबंधन के तहत योजनाओं की रूपरेखा तैयार करता है वहीं वह डिविजन लेवल पर रिजर्व पंपों की व्यवस्था भी हो, ऐसी रूपरेखा भी बनाए ताकि यदि कहीं पर पम्पों की आवश्यकता हो तो वहां पर भिजवाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि सेक्टर 34 अंबाला छावनी, अंबाला शहर वाटिका के नजदीक, सद्दोपुर के पास, भुन्नी गांव, शाहपुर के पास योजना के अनुरूप बेहतर रूपरेखा तैयार करनी है ताकि जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके साथ-साथ जहां-जहां से रिंग रोड़ निकल रही है वहां पर भी क्षेत्रों के पानी की डायरेक्शन को ध्यान में रखते हुए कार्य करवाएं ताकि भविष्य में जल भराव की स्थिति पैदा न हों। उन्होंने शहजादपुर के नजदीक भी बरसाती पानी निकासी के लिए चर्चा करते हुए कहा कि यहां पर भी रूपरेखा बनाएं और इसे बाढ़ प्रबंधन के कार्यों में शामिल करवाएं।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर कार्यकारी अभियंता सौरभ गोयल, कार्यकारी अभियंता संदीप, कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल, कार्यकारी अभियंता सलीम, कार्यकारी अभियंता हुडा विभाग के साथ-साथ नगर निगम, नगर परिषद व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।


जरुरतमंदों को गर्म कंबल बांटत प्रशासनिक अधिकारी।

## सर्दी से बचाव के लिए अधिकारियों ने जरुरतमंदों को बांटे गर्म कंबल

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में सर्दी के मौसम में कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सडक़ पर न रहे इसके दृष्टिगत अस्थायी रूप से रैन बसेरे स्थापित किए गए हैं। इनमें रहने वाले लोगों के लिए आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई गई हैं। इसी कड़ी में देर शाम एसीयूटी राहुल कंवरिया व नगराधीश अभिषेक गर्ग ने रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए उपलब्ध करवाए गए कंबल एवं अन्य गर्म वस्त्र लोगों को वितरित करने का काम किया। इस मौके पर एसीयूटी राहुल कनवरिया व नगराधीश ने नगर सेवा सदन में स्थापित रैन बसेरे का भी निरीक्षण करते हुए यहां पर जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं उनका निरीक्षण किया। कंवरिया ने निरीक्षण के दौरान यहां उपलब्ध सुविधाओं की सराहना की। सर्दी के मौसम में कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सडक़ पर न हो उसे यहां पर अस्थाई तौर पर आश्रय उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य करें।उन्होंने कहा कि हम सबका दायित्व बनता है कि जरूरतमंद लोगों की अपनी स्वेच्छा अनुसार मदद करें। रेडक्रॉस सोसायटी के साथ-साथ नगर सेवा संघ अपने इस कार्य को बखूबी तरीके से निर्वहन कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी व्यक्ति यहां पर आकर आश्रय ले सकता है। यहां पर रहने की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि रैन बसेरों को स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य भी यही है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति कडाके की ठंड एवं सर्दी के मौसम में फुटपाथ न रहे। ऐसे लोगों को यहां पर आश्रय प्रदान करने की दिशा में कार्य करना है।

# श्रमिक परिवारों के पढ़ने वाले बच्चों को बांटी गर्म टोपियां और जुराबें

■ जनसेवा के उद्देश्य से एक विशेष वितरण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। शहज़ादपुर


स्कूली छात्रों को गर्म कपड़े बांटते हुए संस्था के पदाधिकारी।

भारत विकास परिषद व सेवा हमारा सौभाग्य फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से जनसेवा के उद्देश्य से एक विशेष वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम फाउंडेशन के सदस्य दीपक कौशिक की बेटी अशाबरा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ जिसमें सेवा को जन्मदिन का स्वरूप देकर एक सराहनीय संदेश दिया गया। कार्यक्रम के तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालय कक्कड़माजरा तथा बिलासपुर स्थित राजकीय विधालय में ईंट-भट्टों पर कार्यरत श्रमिक परिवारों के पढ़ने वाले बच्चों को गर्म टोपियाँ, जुराबें एवं विभिन्न प्रकार की स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। संस्थाओं के सदस्यों ने बच्चों को सामग्री भेंट करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।

दोनों संस्थाओं ने संयुक्त रूप से कहा कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों तक सहयोग पहुँचाना ही उनका प्रमुख उद्देश्य है। ठंड के मौसम में बच्चों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराना और पढ़ाई से जुड़े संसाधन देना एक छोटी-सी पहल है, जो उनके आत्मविश्वास और शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने में मदद करेगी। लोगों ने जन्मदिन को सेवा और सद्भावना के रूप में मनाने की इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी देखते ही बनती थी, जिससे आयोजन की सार्थकता सिद्ध हुई। इस अवसर पर भारत विकास परिषद से बलदेव शर्मा, परवीन भारद्वाज, हरबंस, सोनिया, कुसुम व सेवा हमारा सौभाग्य फाउंडेशन से गौरव गुप्ता , सुभाष, भुप्पी , मनप्रीत , सिम्पी सदस्य उपस्थित रहे।

*"इलेक्ट्रोथॉन–कम–आइडियाथॉन/" कार्यक्रम हुआ*

## विभिन्न विद्यालयों से पधारे 150 विद्यार्थियों ने मॉडल प्रस्तुत किए




**अंबाला।** छावनी के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में /"इलेक्ट्रोथॉन–कम–आइडियाथॉन/" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय संगठन, गुरुग्राम संभाग के उपायुक्त वरुण मित्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों का अवलोकन किया तथा उनकी ऊर्जा, जिज्ञासा और नवाचार की भावना की सराहना की। कार्यक्रम का प्रारंभ पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय 2 के प्राचार्य हरिंद्र सिंह लांबा के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने मुख्य अतिथियों, सभी प्राचार्यों, सहयोगी संस्थाओं तथा विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत किया और विद्यालय में नवाचार आधारित शैक्षिक गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से पधारे 150 विद्यार्थियों ने अपने मॉडल प्रस्तुत किए । विज्ञान, तकनीक, पर्यावरण, रोबोटिक्स तथा दैनिक जीवन की समस्याओं से प्रेरित इन मॉडलों ने सभी को प्रभावित किया। वहीं अंबाला छावनी के विभिन्न विद्यालयों से पधारे लगभग 3000 विद्यार्थियों ने इस प्रदर्शनी को देखा जिससे पूरे परिसर में विज्ञान एवं नवाचार का उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। इस अवसर पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 के प्राचार्य अजीत यादव, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 3 के प्राचार्य अमित अरोड़ा तथा नंबर 4 के प्राचार्य अमन गुप्ता उपस्थित रहे। उपायुक्त वरुण मित्र ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि "नवाचार की शुरुआत जिज्ञासा से होती है। बच्चों द्वारा प्रस्तुत मॉडल सिद्ध करते हैं कि हमारे विद्यार्थी नई तकनीक और नए विचारों के निर्माण में सक्षम हैं।

# मरियम, यूसुफ और चरवाहों के चित्रण को छात्राओं ने किया जीवंत

हरिभूमि न्यूज. ▶▶। अंबाला


बाइबल का अध्यात्मिक महत्व समझाते हुए डॉ. सुनील सादिक।

क्रिसमस के पावन अवसर पर अंबाला शहर स्थित फिलाडेलफ़िया अस्पताल में चल रहे उत्सवों की श्रृंखला के अंतर्गत शुक्रवार को भव्य यूनाइटेड क्रिसमस कैरल सर्विस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया। लगभग 30 पास्टर्स अपनी-अपनी मंडलियों सहित इस आध्यात्मिक समारोह में सम्मिलित हुए और 'प्रिंस ऑफ पीस' के स्वागत में मधुर कैरल्स प्रस्तुत किए, जिससे पूरा प्रांगण आनंद और आराधना से भर उठा। कार्यक्रम की शुरुआत रेव. एडिनो द्वारा प्रार्थना के साथ हुई। तत्पश्चात अस्पताल के प्रसिद्ध क्वायर ने झूमती है ज़िंदगी, तथा ओ मैंने पहले से कह दी, मसीह मरियम का जाओ रे जैसे आत्मिक गीतों से वातावरण को और भी दिव्य बना दिया।मंच का दृश्य अत्यंत मनमोहक था—पहली वर्ष की छात्राओं ने मरियम, यूसुफ और चरवाहों का रूप धारण कर जन्म-दृश्य को जीवंत कर दिया, जिसे दर्शकों ने अत्यंत सराहा। विभिन्न क्वायर्स ने यीशु के महिमा गीत प्रस्तुत कर माहौल को प्रभु-स्तुति से भर दिया। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक डॉ. सुनील सादिक ने बाइबल के विभिन्न अंशों के माध्यम से 12:12 का गहन अर्थ और उसका आध्यात्मिक महत्व समझाया। उन्होंने यह भी सांझा किया कि किस प्रकार फिलाडेलफ़िया अस्पताल बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों की सेवा और सहायता करने हेतु निरंतर समर्पित है। कार्यक्रम का समापन पास्टर संजीव मैथ्यूज़ की प्रार्थना तथा पास्टर आइज़क सैमुअल द्वारा प्रदत्त आशीर्वचन के साथ हुआ।

**प्रशंसा** — यूनेस्को द्वारा पर्व को सांस्कृतिक विरासत में शामिल किए जाने पर जताई खुशी

# अब दिवाली की परंपरा पूरी दुनिया में भारतीय संस्कृति का फैलाएगी संदेश

**भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को वैश्विक प्रतिष्ठा मिलेगी**

■ सूची में स्थान मिलना सांस्कृतिक धरोहर का वैश्विक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। शहजादपुर


दीवाली को लेकर प्रतिक्रिया देने वाले लोग।

प्राचीन सांस्कृतिक परंपराओं को विश्व मंच पर नई पहचान मिली है। यूनेस्को ने देश के सबसे प्रमुख और आध्यात्मिक त्यौहार दीपावली को अपनी अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल कर लिया है। बता दें कि यह घोषणा यूनेस्को की अंतर-सरकारी समिति के 20वें सत्र के दौरान हुई। इस सूची में स्थान मिलना भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरव और सम्मान का बड़ा क्षण माना जा रहा है। गौरतलब है कि यूनेस्को ने दीपावली को अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और नकारात्मकता पर सकारात्मकता की विजय का प्रतीक बताते हुए इसे वैश्विक शांति, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देने वाला पर्व घोषित किया है। सेवानिवृत मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार बंसल ने कहा कि दीपावली को यूनेस्को सूची में स्थान मिलना भारत की सांस्कृतिक धरोहर का वैश्विक सम्मान है। यह पर्व भारतीय सभ्यता की आत्मा है और अब विश्व स्तर पर इसकी महत्ता और अधिक बढ़ेगी। वरिष्ठ नागरिक सुदेश वर्मा ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि अयोध्या से जुड़ी दीपावली की परंपरा अब दुनिया में भारतीय संस्कृति का संदेश फैलाएगी। यह हर भारतीय के लिए गर्व का अवसर है। समाजसेवी शिव शंकर गोयल ने कहा कि यह सम्मान भारतीय संस्कृति की विजय है। दीपावली केवल रोशनी का त्यौहार नहीं, बल्कि हमारी परंपराओं, मान्यताओं और आध्यात्मिकता का प्रतीक है जो अब विश्व धरोहर के रूप में पहचानी जा रही हैं।

**उत्सव को नई पहचान**

श्री कृष्ण गौ-नंदी शाला के प्रधान राजेश कुमार ने कहा कि दीपावली का यूनेस्को सूची में शामिल होना भारतीय मूल्यों प्रकाश, ज्ञान, भाईचारा, एकता और सद्भाव को दुनिया तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। इससे पर्यटन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। लोगों का यह भी कहना है कि इस मान्यता से भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को वैश्विक प्रतिष्ठा मिलेगी। दुनियाभर में दीपावली उत्सव को नई पहचान मिलेगी। सांस्कृतिक यात्राओं और पर्यटन में वृद्धि होगी तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की सांस्कृतिक शक्ति और भी मजबूत होगी। यूनेस्को द्वारा यह सम्मान भारत की सांस्कृतिक विविधता, अध्यात्म और प्राचीन परंपराओं की समृद्धि को विश्व समाज के सामने और भव्य रूप में प्रस्तुत करता है।

*वर्ष 2024 की मतदाता सूची से हो रही मैपिंग*

# मतदाताओं की मैपिंग का कार्य पचास प्रतिशत पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

जिले में मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) शुरू हो गई है। प्रारंभिक प्रक्रिया के तहत निर्वाचन विभाग वर्ष 2022 की मतदाता सूची को आधार मानते हुए वर्ष 2024 की मतदाता सूची से मैपिंग की जा रही है। एसआईआर के प्रारंभिक कार्यों में निर्वाचन विभाग ने सभी बीएलओ की ड्यूटी लगा दी है, जो घर-घर जाकर मैपिंग करने का काम कर रहे हैं। इस प्रक्रिया को अभी से शुरू करने से काफी स्तर पर मतदाता सूची का मिलान का कार्य हो जाएगा। मिलान के बाद जो कमियां सामने आएंगी, उन मतदाताओं से आवेदन लेकर उस प्रक्रिया को किया जाएगा। एसआईआर के तहत जिले में वर्ष 2002 से वर्ष 2024 की सूची के आधार पर मतदाताओं की मैपिंग का कार्य 50 प्रतिशत हो चुका है। इसमें इन मतदाता सूची के अलावा उनके वंश के लोगों की भी मैपिंग की जा रही है। जिससे एक ही परिवार में मौजूद मतदाताओं के पूरे वंशावली का सत्यापन हो सकेगा और निर्वाचन विभाग भी स्पष्ट रहेगा कि मतदाताओं की सही स्थिति क्या है। निर्वाचन तहसीलदार गुलशन शर्मा ने बताया कि अभी एसआईआर में प्रारंभिक स्तर पर काम चल रहा है। जो महिलाएं शादी कर हरियाणा में आ गईं हैं उनके माता पिता के रिकॉर्ड से उसका मिलान किया जाएगा। प्रदेश में रहने वाले बहुत से मतदाता ऐसे भी हैं जिनके परिजन अन्य राज्यों में रहते हैं या जाकर बस गए। ऐसे लोगों का डाटा आने वाले समय में मिलान किया जाएगा।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने आरोपी मीनश खान, सर्बजीत सिंह, सुखदेव सिंह व जसविंद्र कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी मीनश खान का 3 दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। पीड़ति महिला ने 6 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी।

### धोखाधड़ी का आरोपी तीन दिन के रिमांड पर

**अंबाला।** थाना शहजादपुर में दर्ज विदेश भेजने की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी सुखपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया है। गांव खुर्द के गुरमीत सिंह ने 8 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 12 अगस्त 2024 से 6 सितंबर 2024 के दौरान आरोपी सुखपाल सिंह व अन्य ने उसकी पुत्री को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधडी करने का आपराधिक कार्य किया है।